क्रांति समय

महाराष्ट्र कोरेगांव का असर सूरत में भी

# दलित संगठनों ने रिंग रोड आंबेडकर प्रतिमा से कलेक्ट्रालय तक निकाली रैली

## प्रदर्शनकारी कलेक्टर कार्यालय के बाहर रोड पर ही सो गए








**सूरत।** महाराष्ट्र के पुणे में भीमा कोरेगांव युद्ध के 200वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर हुए सम्मेलन में हिंसा की आग की ज्वाला सूरत तक भी पहुंच गई। मुम्बई, औरंगाबाद, अहमदनगर सहित कई शहरों के बाद सूरत के दलित संगठनों ने भी मानदरवाजा रिंग रोड स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा से कलेक्टर कार्यालय तक रैली का आयोजन किए। जहां कलेक्टर को आवेदन पत्र देने के लिए गए और कार्यालय के बाहर रोड पर ही प्रदर्शनकारी सो गए। जिससे कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति हो गई थी।

महाराष्ट्र के पुणे में सोमवार को भीमा कोरेगांव युद्ध की 200वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर हुए सम्मेलन के दौरान हुई हिंसा में एक युवक की मौत हो गई थी। जिसके कारण दलित संगठनों ने मंगलवार से महाराष्ट्र के शहरों में विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। दलित संगठनों ने सूरत उधना रेलवे स्टेशन पर एक पैसेंजर तथा एक मालगड़ी को रोक दिए। इसके बाद गुरुवार को दलित संगठनों ने फिर से रिंग रोड डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाले। कलेक्टर कार्यालय पर पहुंचने के बाद प्रदर्शन करने वाले कार्यालय के बाहर सार्वजनिक रास्ते पर ही लेट गए। जिसके कारण कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम की स्थिति का सामना लोगों को करना पड़ा।

## महाराष्ट्र में हुई हिंसा का असर सूरत के कपड़ा बाजार पर भी दिखा

### करीब 200 करोड़ का टेक्सटाइल गुड्स जहां के तहां जाम

**सूरत।** महाराष्ट्र के भीमा कोरेगांव में हुई व्यापक हिंसा का असर सूरत कपड़ा मार्केट से होने वाली डिलीवरी पर भी पड़ा है। करोड़ों रुपए की टेक्सटाइल सामग्री जो बाह गांव जाती थी उसे जहां के तहां रोक देने की स्थिति पैदा हो गई। जिसके कारण करीब 200 करोड़ के टेक्सटाइल मैटेरियल से भरे वाहनों को भी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रोक दिया गया।

सूरत टेक्सटाइल ट्रांसपोटर्स वेलफेयर एसोससिएशन के प्रमुख युवराज देसले के बताए अनुसार महाराष्ट्र में फैली हिंसा के कारण अधिकांश ट्रक-टेम्पो नागपुर स्टेट हाइवे के पास रोक दिए गए हैं। सूरत से अहमदाबाद, मुम्बई और कोलकता के इन तीन रूटों पर प्रतिदिन ट्रांसपोर्ट में टेक्सटाइल गुड्स जाता है। मुम्बई कोलकाता रूट पर रोज 300 ट्रकों में कपड़ो की डिलीवरी होती है। मंगलवार को देर शाम से ही इन तीनों रूटों पर जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि एक ट्रक में करीब 60 से 80 लाख का माल डिलीवरी होता है। इस तरह देखा जाए तो 180 से 200 करोड़ के गुड्स की डिलीवरी रोक दी गई थी। अब स्थिति सामान्य होती लग रही है। जिससे टेक्सटाइल्स सामग्री से भरे वाहनों को रवाना करने की तैयारी भी की जा रही है।

## पांडेसरा के युवक ने फांसी पर झूल दी जान



**सूरत।** पांडेसरा के विनायक नगर में रहने वाले एक व्यक्ति ने किसी कारणों से अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

घटना के बारे में नई सिविल अस्पताल और पांडेसरा पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांडेसरा के विनायक नगर, बमरोली रोड पर रहने वाले नंदूभाई दौलतभाई झंझाकर (45 वर्ष) ने किसी अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी पर झूल गए। नंदूभाई को बेहोशी की हालत में उनके बेटे किरणभाई सिविल अस्पताल में ले गए जहां पर चिकित्सकों ने मृत घषित कर दिया। पांडेसरा पुलिस आत्महत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# अपहरण की गई बच्ची का शव पेड़ से लटका मिला

## एक दिन पहले बच्ची का किसी ने किया था अपहरण

**बारडोली।** चलथाण गांव में शाम के समय घर के सामने खेल रही छह साल की बच्ची का किसी ने बहका-फुसलाकर अपहरण कर लिया था। इसके बाद गत रोज सुबह ही वांकानेडा गांव के एक खेत में स्थित पेड़ के साथ फांसी लगी हालत में लाश मिलने से सनसनी मच गई है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू की है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए पैनल पीएम कराने के लिए बच्ची की लाश को सूरत लाया गया। चलथाण में रहने वाले मूलत: मध्यप्रदेश का परिवार धंधा-मजूरी करके गुजर करता है। इस परिवार की छह वर्ष की मासूम बच्ची शाम के समय घर के पास ही खेल रही थी। उसी समय कोई व्यक्ति अपने नापाक इरादे को अंजाम देने के लिए बच्ची को बहला-फुसला कर अपहरण कर ले गया। काफी समय बीतने पर जब बच्ची घर नहीं आई तो परिजन उसे खोजने लगे। जब उसका कहीं पता नहीं चला तो कडोदरा पुलिस थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराने पर पुलिस मामले की जांच शुरू की थी। इसी दौरान गत रोज सुबह ही बच्ची को वांकानेडा गांव के एक खेत में स्थित पेड़ के साथ पायजामा से फांसी देकर हत्यारा फरार हो गया था। जानकारी पाने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है कि नहीं? इसकी जांच के लिए लाश को पैनल पीएम के लिए सूरत भेजा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है या कि मात्र हत्या ही की गई है।

## एक-दो दिन में हो सकता है विपक्ष के नेता का ऐलान

**अहमदाबाद (ईएमएस)।** कांग्रेस अगले एक-दो दिन में विपक्ष के नेता के नाम का ऐलान कर सकती है। अहमदाबाद में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव गांधी भवन में केन्द्रीय निरीक्षकों की मौजूदगी में विधायकों की बैठक के बाद अब विपक्ष का नेता तय करने की जिम्मेदारी पार्टी हाईकमांड को सौंप दी गई है। कांग्रेस के सभी विधायकों और प्रदेश नेताओं के साथ एआईसीसी के महासचिव और गुजरात प्रभारी अशोक गहलोत और पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्रसिंह ने व्यापक चर्चा के बाद प्रत्येक विधायक से व्यक्तिगत बातचीत की। विपक्ष के नेता के संदर्भ में शक्तिसिंह गोहिल, अर्जुन मोढवाडिया और सिद्धार्थ पटेल का अभिप्राय भी लिया गया है।

## फेडरेशन ऑफ इंडियन ऑर्ट सिल्क विविंग इंडस्ट्री की 6 को वार्षिक सामान्य सभा

### बजट से पूर्व सरकार के समक्ष रखेंगे मांग



**सूरत।** टेक्सटाइल के विविध सेक्टर के लिए केन्द्रीय टेक्सटाइल मंत्रालय की मशीनरी अपग्रेडशन फंड की विविध योजनाओं के उद्यमियों से अर्जी मंगाई जा रही है, परंतु उद्यमियों को इसके फंड को लेने के लिए काफी लंबे समय से इंतजार करना पड़ रहा है। 6 जनवरी को द सूरत आर्ट सिल्क क्लॉथ मैन्युफैक्च र्स एसोसिएशन के बोर्ड रूम में फेडरेशन आफ इंडियन ऑर्ट सिल्क विविंग इंडस्ट्री (फीयास्वी) की 40वीं वार्षिक सामान्य सभा होगी।

फीयास्वी के चेयरमैन भरत गांधी ने इस बारे में बताया कि टफ फंड के अभाव से उद्यमियों की टफ की अर्जियां पेंडिंग में हैं। फीयास्वी के पूर्व चेयरमैन अरुण जरीवाला ने कहा कि पहले सरकार से 7 वर्ष के डेप्रीएशन स्कीम को अमल के लिए भी मांग की गई थी। वणकर संघ के प्रमुख रजनीकांत बचकानीवाला के बताए अनुसार टफ की स्कीम में हाल के स्तर पर स्पीनिंग क्षेत्र में मिलने वाले लाभ को खत्म कर दिए हैं। विविंग और प्रोसेसिंग क्षेत्र के लिए नई अर्जी स्वीकार की गई, लेकिन फंड रिलीज नहीं किया जाता। अतएव फीयास्वी की सामान्य सभा में विविंग संस्थाओं के प्रतिनिधि महाराष्ट्र सेलम, तमिलनाडु, कर्नाटक, मुम्बई से हाजिर रहेंगे। जिनके समक्ष जीएसटी से संबंधित समस्याओं पर चर्चा करके बजट से पूर्व ही सरकार के समक्ष मांग रखी जाएगी।

## परेश धानाणी को विपक्ष का नेता नहीं बनाने पर कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन : हार्दिक



**सूरत (ईएमएस)।** पास नेता हार्दिक पटेल ने आज कांग्रेस को धमकी दी है कि यदि अमरेली के युवा विधायक परेश धानाणी को विपक्ष का नेता नहीं बनाया गया तो वह कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन करेंगे। गुजरात विधानसभा चुनाव में राज्यभर में भाजपा को हराने की अपील करने वाले पास नेता हार्दिक पटेल ने अब कांग्रेस को धमकी दी है। सूरत में हार्दिक पटेल ने कहा कि यदि कांग्रेस परेश धानाणी को गुजरात विधानसभा में विपक्ष का नेता नहीं बनाती है तो हम कांग्रेस के खिलाफ भी आंदोलन छेड़ देंगे। हार्दिक पटेल ने परेश धानाणी के लिए आंदोलन छेड़ने की धमकी देकर कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हार्दिक पटेल राजद्रोह के मामले में हाजिरी लगाने सूरत आए थे। गौरतलब है गुजरात चुनाव के दौरान हार्दिक पटेल ने एक जनसभा में कहा था कि यदि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है तो परेश धानाणी राज्य के मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। लेकिन अब तो कांग्रेस के लिए विपक्ष का पद महत्वपूर्ण है। अब तक माना जा रहा था कि परेश धानाणी को ही विपक्ष का नेता बनाया जाएगा। लेकिन इस पद की दौड़ में कुंवरजी बावलिया के शामिल होने से मामला पेचीदा हो गया है। बावलिया का दावा है कि सौराष्ट्र में सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं। इसके अलावा वे लगातार पांच दफा चुनाव जीते हैं और सांसद भी रह चुके हैं। बावलिया के अलावा आहिर समाज के नेता और विधायक विक्रम माडम के भी विपक्ष के नेता पद के लिए दावेदारी ने कांग्रेस की दुविधा बढ़ा दी है। विपक्ष के नेता पद के लिए परेश धानाणी का नाम तय माना जा रहा था, परंतु कोली और आहिर नेताओं के इस दौड़ में शामिल होने से फिलहाल मामला खटाई में पड़ गया है।

## सेंटरिंग का काम करते समय चौथी मंजिल से गिरे युवक की मौत

**सूरत।** उधना हीरानगर के युवक की भरत कैंसर अस्पताल के पीछे बिल्डिंग में सेंटरिंग का काम करते समय चौथी मंजिल से गिरने के कारण स्मीमेर अस्पताल में क्षणिक इलाज के बाद मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डिंडोली के हीरा नगर में रहने वाले अखिलेश सत्यदेव मोहंते (24 वर्ष) बुधवार को भरत कैंसर अस्पताल के पास आरटीएम मार्केट की साइट पर काम कर रहे थे। उसी समय अचानक चौथी मंजिल से गिर गए। जिनके सिर में गंभीर चोट आने से इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल में उनके सेठ बशिष्ठ शुक्ला ने बेहोशी की हालत में भर्ती कराया था। जहां पर क्षणिक इलाज के पश्चात अखिलेश की मौत हो गई। घटना के बारे में पूणा पुलिस माले की जांच कर रही है।

## खाद्य सामग्री में घटिया क्वालिटी बर्दाश्त नहीं की जाएगी: मुख्यमंत्री

**गांधीनगर (ईएमएस)।** मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा कि जरूरतमंदों को दिए जाने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता में मिलावट या घटिया क्वालिटी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वे गुरुवार को गांधीनगर में गुजरात राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड एवं फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के सहयोग से १ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अद्यतन फूड रिसर्च लेबोरेटरी के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरीत होने वाले अनाज और खाद्य पदार्थों की उच्च गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने इस अभिनव सोपान का प्रारंभ किया। रूपाणी ने विश्वास जताया कि यह फूड रिसर्च लेबोरेटरी स्टेट ऑफ दी आर्ट स्तर की साबित होगी। देश के अन्य राज्यों तथा विदेशों से भी इस लेबोरेटरी के नवीन प्रयोग को लेकर जिज्ञासा पैदा हुई है। इसके लिए क्वालिटी से कोई समझौता न किया जाए तथा फूड रिसर्च लेबोरेटरी में परीक्षण किया हुआ प्रमाणित खाद्यान्न जत्था ही मिले। उन्होंने भरोसा जताया कि जरूरतमंदों को दिए जाने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता में मिलावट के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के लिए यह लेबोरेटरी एक सक्षम माध्यम साबित होगी। उन्होंने लेबोरेटरी के विभिन्न विभागों में जाकर सभी जरूरी जानकारी हासिल की।




मा. सुबाष मौर्य मा.अच्छेलाल मौर्य मा. सुरेश मौर्य मा. अशोक मौर्य मा. नवनीत मौर्य मा. दिनेश बागुल मा. ओमप्रकाश डॉ. चंद्रकांत पाटील मा.राधेश्याम मौर्य

एकीकरण एवं जागरूकता अभियान

ग्रामसभा/वार्ड स्तरीय टीम का गठन

दिन: रविवार,दिनांक: 14 जनवरी-2018, समय: सायं 4:00 -8:00 बजे तक

हमारी आवाज बनेगी,भारत की आवाज

हम मिलकर बनायेंगे अपने,सपनों का भारत-अखंड भारत

हम मिलकर करेंगे, अपनी हर समस्या का समाधान !

आज ही हमसे जुड़ें ! सिर्फ मिस्ड कॉल करें 8076615402

आइये, हम सबमिलकर अखंड भारत की नीव पुनः रखें

सभी क्षेत्रवासी सादर आमंत्रित हैं !

कार्यक्रम स्थल
ग्रामसभा सिरकिना, सिंगरामऊ-महुली मार्ग बौद्ध विहार के समीप, बदलापुर, जौनपुर, उत्तरप्रदेश

सम्पर्कसूत्र
8200090286/ 9891367219
9322986911/ 9819506427

SPYFI-INDIA always with you!

मुख्य अतिथि
मा. आर. पी. द भारतीय (अखंड भारत)
राष्ट्रीय अध्यक्ष
PH-9718554504/9891367219




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक सुरेश मौर्या द्वारा तासीलोक पब्लिकेशन 152,153 श्री राम इंडस्ट्रीयल एरिया पांडेसरा सूरत 394210 से मुद्रत, एवं 4 ओ-ब्लाक आगम नवकार कॉम्पलेक्ष सचीन रेल्वे स्टेश के पास, सूरत, जि. सूरत, गुजरात से प्रकाशित, **संपादक :- सुरेश मौर्या** फोन नं. (9879141480) **Tc.No. : GUJHIN00722**, E-mail: krantisamay@gmail.com